आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पुदुचेरी और तमिलनाडु में करीब सात हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के साथ तीन नए आकाशवाणी एफ.एम रिले ट्रांसमीटरों का लोकार्पण किया।
- विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है जो अपने वीसा के विस्तार या अपने ठहराव को नियमित करना चाहते हैं।
- श्री विजयपुरम के विज्ञान केन्द्र में कल सर सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया।
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करेगा।।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पुद्दुचेरी में सत्ताईस सौ करोड रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक पयर्टन, पारिस्थितिकी पयर्टन और स्वास्थ्य पर्यटन में निवेश से सरकार पुद्दुचेरी को नई ऊचांई पर ले जा रही है। श्री मोदी ने कहा कि पुद्दुचेरी में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है और देश के समाजिक सूचकांक में यह सबसे ऊपर है। श्री मोदी ने नौ चिकित्सा कॉलेज की मौजूदगी, जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट–ग्रैजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में क्षेत्रीय केंद्र के आधुनिकीकरण और पुद्दुचेरी तथा करइकल में नए सघन चिकित्सा खंडों की आधारशिला रखते हुए विश्वास व्यक्त किया कि पुद्दुचेरी चिकित्सा पर्यटन का एक बडा केंद्र बन सकता है।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के मदुरै में 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की ढांचागत परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में कुम्भकोणम, येरकोड और वेल्लुर में आकाशवाणी के तीन नये एफ. एम. रिले ट्रांसमीटर शामिल हैं। इन ट्रांसमीटरों से क्षेत्रीय संपर्क बढ़ेगा, एफ. एम. का निर्बाध प्रसारण सुनिश्चित होगा और राज्य के कई जिलों में लोक प्रसारण सेवा की पहुंच बढ़ेगी।

<><><><><><><>

विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है जो अपने वीसा के विस्तार या अपने ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। यह परामर्श पश्चिम एशिया के ताज़ा घटनाक्रम को देखते हुए जारी किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे नागरिकों को नज़दीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। इसके लिए कार्यालय की वेबसाइट बीओआई डॉट जीओवी डॉट इन पर भी संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से एक यात्रा परामर्श जारी किया गया है। परामर्श में कहा गया है कि पश्चिम की ओर जाने वाली उड़ानों में देरी हो सकती है या समय में बदलाव हो सकता है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले संबंधित विमान कंपनियों से उड़ान के बारे में ताजा स्थिति की जानकारी ले लें। यात्रियों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे सटीक जानकारी के लिए आधिकारिक संचार चैनलों पर ही भरोसा करें। ताजा जानकारी के लिए यात्री आधिकारिक वेबसाइट www.newdelhiairport.in देख सकते हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण से देश में तीव्र विकास की ओर अग्रसर है। श्री वैष्णव ने आज गांधीनगर में गुजरात सेमीकनेक्ट सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने सेमीकॉन के पहले चरण की सफलता का उल्लेख किया और इस बात पर जोर दिया कि सेमीकॉन के दूसरे चरण की प्राथमिकता एक मजबूत डीप–टेक स्टार्टअप वातावरण का निर्माण करना है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के विज्ञान केन्द्र में कल सर सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय था 'विज्ञान में महिलाएं, विकसित भारत की उत्प्रेरक'। इस अवसर पर विद्यार्थी छात्रों में विज्ञान के प्रति ज्ञान एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। श्री विजयपुरम के विभिन्न विद्यालयों से लगभग पांच सौ पचास विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अटल सेंटर ऑफ़ ओशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रभारी अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार झा ने विज्ञान सप्ताह के दौरान आयोजित

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने विज्ञान केन्द्र द्वारा आयोजित नवाचारपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होगा। विज्ञान केन्द्र के शिक्षा अधिकारी देबाशीष पॉल ने स्वागत भाषण में कहा कि विज्ञान केन्द्र विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक सोच विकसित करने का उपयुक्त स्थान है।

<><><><><><><>

हरित भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी" विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में संपन्न हुई। समापन समारोह कल जेड एस आई सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छिहत्तर प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी–शिक्षक तथा ग्रीन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के प्रशिक्षु शामिल थे। प्रतिभागी संस्थानों में जे एन आर एम , टैगोर कॉलेज, अंडमान लॉ कॉलेज तथा पॉडिचेरी विश्वविद्यालय सहित अन्य शिक्षण संस्थान शामिल रहे। पर्यावरण एवं वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), डॉ. दिनेश कन्नन समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के पूर्व निदेशक डॉ. एम. संजप्पा, National Centre for Polar and Ocean Research के वैज्ञानिक–जी डॉ. राहुल मोहन तथा एवीसी कॉलेज, तमिलनाडु के पूर्व प्राचार्य डॉ. के. थियागेसन शामिल थे। कार्यशाला में आठ विशेषज्ञ व्याख्यानों के साथ कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण सत्र आयोजित किए गए। वक्ताओं ने जैव विविधता संरक्षण, पौध विविधता, जलवायु परिवर्तन, ध्रुवीय अनुसंधान तथा सतत विकास में विज्ञान की भूमिका पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करेगा। यह लोक अदालत पोर्ट ब्लेयर के जिला न्यायालय परिसर, मायाबंदर के उप–मंडल न्यायालय परिसर, डिगलीपुर तथा कैंपबेल बे के सर्किट न्यायालय में एक साथ आयोजित की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा जारी सूचना के अनुसार विभिन्न न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य मामलों के अतिरिक्त वाद दायर होने से पूर्व के विवादों की भी सुनवाई की जाएगी। लोक अदालत में धन वसूली, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल संबंधी प्रकरण, भरण–पोषण वाद तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों को शामिल किया जाएगा। प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने विवाद 6 मार्च से पूर्व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पोर्ट ब्लेयर को लिखित रूप में प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सके।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत राज्य पुस्तकालय श्री विजयपुरम में हाल ही में राजकीय प्राथमिक विद्यालय आटम पहाड़ में अपनी चौथी टेन्ट लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों के दैनिक जीवन में पठन को समाहित कर उसे रोचक एवं सार्थक बनाना है। मुख्य अतिथि के रूप में पी एम श्री गाराचरामा स्कूल की उप प्रधानाचार्या ज्योति ने टेन्ट लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस प्रकार की नवाचारपूर्ण पहले बच्चों में जिज्ञासा एवं स्वाध्ययन की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों से आगे बढ़कर विभिन्न पुस्तकों का अध्ययन करने तथा पढ़ने की आदत को जीवनभर का साथी बनाने के लिए प्रेरित किया।

<><><><><><><>